तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 आवारा मवेशियों से ग्राम पोड़ी सलका, डेडरी सपकरा व मानी क्षेत्र के लोग परेशान



## खबर संक्षेप

### बारिश थमी, खिली धूप वनांचल में बढ़ी ठिठुरन

**सोनहत।** खंड स्तर पर बीते दिनों बारिश के बाद हालिया दो दिन से खिली धूप होते ही ठंड का असर तेज होने लगा है। खासकर शाम होते ही ठंड बढ़ने के साथ देर रात में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। खासकर वनांचल ग्रामों शीत नदी, तालाब के अलावा जलाशयों के बसाहट ग्रामों में ठंड शाम होते ही आरंभ होने से घरों में अलाव जलाना जारी हो गया है। जानकार ग्रामीणों के अनुसार आने वाले दिनों में काफी तेज ठंड ग्राम स्तर पर पड़ना तय हो गया है।

### राज्योत्सव में सचिन हुए सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** राज्योत्सव के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत लोकप्रिय भजन राम आएंगे की मधुर प्रस्तुति से हुई, जिसे दर्शकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने खूब सराहा। गीत समाप्त होने पर उपस्थित जनसमूह खुशी से झूम उठा। शहर की उभरती प्रतिभा सचिन गुप्ता, जिनकी आवाज आज दूर-दूर तक पहचान बना रही है, उन्हें समारोह में जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। उनके उत्कृष्ट गायन और निरंतर योगदान को देखते हुए दिया गया यह सम्मान केवल उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे शहर के लिए गौरव का क्षण रहा। सचिन गुप्ता को सम्मान मिलने पर उनके परिवारजन सहित शहरवासियों में भी हर्ष व्याप्त है। स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता और मंच प्रदान कर प्रशासन ने सराहनीय पहल की है, जिससे युवा कलाकारों में भी नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

### राज्योत्सव में दुर्गा ने दी शानदार प्रस्तुति



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को आयोजित छग राज्योत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंगों की बहार छा गई। इस अवसर पर क्षेत्र की प्रतिभाशाली एवं उभरती गायिका दुर्गा वैश्य ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी। कार्यक्रम के दौरान जब दुर्गा वैश्य ने अपने लोकप्रिय गीत आवा ना आवा दाई की प्रस्तुति दी तो पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। उनकी मधुर आवाज, भावपूर्ण प्रस्तुति और मंच पर आत्मविश्वासपूर्ण अंदाज ने हर किसी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद जन समुदाय देर तक उनकी प्रस्तुति पर झूमता रहा। दुर्गा वैश्य की शानदार प्रस्तुति से प्रभावित होकर प्रशासन द्वारा उन्हें 5000 रूपए नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और अधिकारियों ने दुर्गा वैश्य की कला की सराहना की।

### युवकों ने की बाइक सवार से मारपीट

**अम्बिकापुर।** सत्तीपारा निवासी संजय सिंह आ. भुआल सिंह शनिवार की रात दोस्त रवि प्रताप सिंह के साथा बाइक से बस स्टैंड की ओर से घर लौट रहे थे। जैसे ही ब्रम्ह रोड़ में पहुंचे तभी कुछ युवक पटाखा जला कर सड़क पर फेंक रहे थे। इसी बीच पटाखा जला रहे एक युवक ने बाइक सवार को चुतिया जैसे बाइक चलाने की बात कही जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर आयुष गोस्वामी, जय सोनी, रूद्र सोनी, अंश गोस्वामी और अन्य लोगों ने बाइक सवार रवि के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

### किसान चिंतित, उचित मुआवजा दिए जाने की मांग

# मेहनत की कमाई पर फिरा पानी खेतों में कटी रखी फसल खराब

**बैकुण्ठपुर/सोनहत।** कोरिया जिले में इस वर्ष अच्छी बारिश के चलते जिले के सभी क्षेत्रों में धान की अच्छी फसल हुई हैं, लेकिन बीते दिनों हुए हुई बारिश से किसानों के उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों से खलिहान में लाने से पहले ही कटाई कर छोडे गए धान की फसल बर्बाद हो गया है।

वहीं मोथा तूफान व हवा पानी के कारण जिले के कई क्षेत्रों में धान की खड़ी फसल खेतों में ही गिर गई, ऐसी फसल भी बर्बाद हो गया है। खेतों में गिरे धान का फसल की कटाई नहीं हो पाई है और लगातार कई दिनों तक खेतों में नमी के चलते अंकुरण की स्थिति निर्मित हो गई। इस तरह इस वर्ष अच्छी बारिश के चलते सभी क्षेत्रों में अच्छी फसल हुई थी, लेकिन अंतिम समय में हुई बारिश के कारण धान फसलों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि अभी तक जिले में धान कटाई जोर नहीं पकड़ा है, लेकिन जिन किसानों के द्वारा अर्ली वैरायटी का धान लगाया था वह जल्दी तैयार हो गया, ऐसे फसलों की कटाई शुरू हो गया और कटाई के दौरान ही तीन-चार दिनों तक हुई बारिश से कटे धान का उठाव नहीं हो पाया और खेतों में पड़ी रही, जिन पर बारिश की मार पड़ने से कटे धान को नुकसान पहुंचा। अब जिन किसानों ने पूर्व में ही धान की कटाई पूरी कर ली थी, वे अपने धान के कटे फसल को सूखाने के बाद मिंसाई का कार्य भी शुरू कर दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों तीन-चार दिनों की बारिश के दौरान कटे धान को उठाव करने का मौका नहीं मिलने के कारण धान की बालियों से धान झड़ कर बर्बाद भी हुआ और भींगने के कारण भी धान की क्वालिटी पर असर पड़ा है। कही खेतों में कटी फसल पानी में भींगी तो कहीं खलिहान में लाकर रखी फसल को पूरी तरह सुरक्षित नहीं रख पाए। ऐसे किसानों को बीते दिनों हुए बारिश के चलते काफी नुकसान उठाना पड़ा।



फसल को समेटने जुटे किसान।



फसल को सुखाकर मिंजाई करते किसान।



बारिश से अंकुरित हुई कटी फसल।

### मौसम खुलते ही जोर पकड़ने लगी कटाई

बीते दिनों खाडी के सिस्टम में बदलाव के कारण मौसम अचानक बिगड़ गया था और तीन-चार दिनों तक जिलेभर में बदली बारिश का मौसम बना रहा ,इसके बाद रविवार से बारिश का क्रम थमा और इसके बाद लगातार मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम के शुष्क होने के साथ ही अब फिर से खेतों में खरीफ की प्रमुख फसल धान की कटाई शुरू हो गया। सभी क्षेत्रों में धान कटाई का कार्य अब जोर पकड़ने लगा है। इस बार दीपावली बीतने के कई दिनों बाद तक भी धान कटाई में तेजी नहीं आई हैं, लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद ग्रामीण परिवार अपने खेतों में खड़ी धान फसल को प्रतिदिन काटने में जुट गए हैं। बडे किसान तो मशीनों की सहायता से धान की कटाई जल्द करा ले रहे हैं, लेकिन छोटे किसान परिवार के लोग स्वयं व मजदूरों की सहायता से धान कटाई करा रहे हैं।

### कटाई के साथ मिंसाई भी शुरू

कोरिया जिले में मौसम खुलने के बाद अब धान की कटाई जोर पकड़ने लगी हैं। कटाई करने के बाद धान को उठाकर खलिहान में लाया जा रहा है। अभी कटाई में तेजी नहीं आई हैं, लेकिन धीरे-धीरे कटाई में तेजी देखने को मिलेगा। जिले के सभी क्षेत्रों में धान की फसल पूरी तरह पक कर तैयार हो गई है, जिसे काटने में किसान परिवार जुटे। एक ओर कटाई तेज हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर काटकर लाए गए धान की मिंसाई का कार्य भी शुरू हो गया है।

### सप्ताह भर बाद होगी धान खरीदी की शुरूआत

जिले में इस बार अब तक धान फसल की कटाई पूरी तरह से जोर नहीं पकड़ पाया है, इसके पूर्व ही सरकार ने धान खरीदी के तारीख की घोषणा कर चुकी हैं। एक सप्ताह बाद समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की शुरूआत होगी। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा आगामी 15 नवंबर से सहकारी समितियों में धान खरीदी शुरू करने वाली है। इधर जिले में धान कटाई पूरी तरह से जोर भी नहीं पकड़ा हैं, ऐसे में धान खरीदी के शुरूआती दिनों में खरीदी केन्द्रों में समितियों को किसानों का इंतजार करना होगा।

### अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए थे ग्रामीण

सोनहत विकासखंड के ग्रामीण इलाकों में धान की फसल मुख्य आजीविका का स्त्रोत है। इस साल अच्छी पैदावार की उम्मीद में किसानों ने जी-जान लगाई थी, लेकिन तूफान मोथा ने सब कुछ उजाड़ दिया। ग्राम तंजारा के किसान रामभोग, सभापति के अलावा अन्य विभिन्न ग्राम किसानों ने बताया कि तीन महीने की मेहनत पर पानी फिर गया। खेत में फसल गिर गई, जो काट ली थी, वह भी बारिश में भींगकर अंकुरित हो खराब हो गई है। इसी तरह गांव बसवाही की किसान परिवारों की महिलाओं ने कहा कि हमारे गांव में लगभग ज्यादा पके धान की फसल बारिश की जद में आने बहुत खराब हो चुकी है, फिर भी उसे समेटना पद रहा है। बीते दो दिनों से धूप निकली तो खंड स्तर के लगभग सभी ग्राम किसान खेत में पहुंच कर फसलों को रात-दिन मेहनत कर समेट रहे हैं। लगभग सभी ग्राम में किसानी कार्य तेज होने खासकर खेतों से फसल काटने से लेकर फसल खलिहान तक लाने मजदूरों की खासी कमी इन दिनों होने लगी है। सुबह 10 बजे से किसान मजदूरों के खेत में पहुंचने से किसानी कार्य खेत खलिहानों में पूरे उफान पर नजर आने लगा।

## कलयुगी पोते ने कर दी दादी की हत्या

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के जनकपुर थानांतर्गत घोड़धरा गांव में हुई बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस दिल दहला देने वाली वारदात में मृतिका का सगा पोता ही हत्यारा निकला। पुलिस ने आरोपी पोते को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 2 नवंबर को दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच ग्राम सरपंच लाल साय ने थाना जनकपुर को फोन कर सूचना दी कि ग्राम घोड़धरा में एक अधेड़ महिला अपने ही घर में खून से लथपथ अवस्था में मृत पड़ी है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के निर्देश पर तत्काल जांच टीम मौके पर रवाना हुई। मौके पर पहुंचे प्रार्थी कमलभान सिंह पुत्र नंदकेश्वर सिंह निवासी घोड़धरा ने बताया कि मृत महिला उसकी मां बती बाई है। 1 से 2 नवंबर की दरम्यानी रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके सिर पर वार कर बेरहमी से हत्या कर दी।



आरोपी।

- जनकपुर पुलिस ने किया खुलासा

एक टीम को पंचनामा और साक्ष्य संकलन की जिम्मेदारी दी गई, वहीं दूसरी टीम को आरोपी की तलाश और पतासाजी में लगाया गया। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी मौके पर बुलाया गया और वैज्ञानिक तरीके से जांच की गई। जांच के दौरान मृतका के परिजन तो मौके पर मौजूद थे, लेकिन उसका नाती दीपक सिंह वहां नहीं था। सरपंच के माध्यम से संपर्क करने पर दीपक ने पहले खुद को पेण्ड्रा फिर किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से फोन करने पर शहडोल में होना बताया। उसकी बातों में विरोधाभास होने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए शहडोल जाकर दीपक सिंह को हिरासत में लिया और जनकपुर लाकर सघन पूछताछ की।

### दादी से शराब को लेकर हुआ था विवाद

पूछताछ में आरोपी दीपक सिंह ने चौकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह त्योहार के दिन अपनी दादी के घर गया था। दादी ने घर में देशी शराब बना रखी थी। जब दीपक ने शराब मांगी तो दादी ने मना कर दिया, इससे गुस्से में आकर दीपक ने घर में रखे लोहे के सब्बल से दादी के सिर पर तीन बार वार किया। जब दादी अधमरी हालत में गिर गई, तब भी वह नहीं रूका और घर में रखी टांगी से दो बार और सिर पर वार कर दिया, जिससे बती बाई की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद दीपक ने हथियारों को पास के नाले में छिपाया और शहडोल भाग गया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया।

### पुलिस टीम की रही सराहनीय भूमिका

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जनकपुर ओपी दुबे, उपनिरीक्षक दिनेश चौहान, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा, संजय पांडेय, संदीप बागीस, आरक्षक मदन और सूर्यपाल की भूमिका सराहनीय रही।

## पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत चनवारीडांड में 16 मई 2024 को घटित चर्चित पत्रकार रईस अहमद हत्याकांड में अदालत ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। न्यायालय ने इस जघन्य अपराध में शामिल पत्नी और उसके प्रेमी साथी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 16 मई 2024 की रात पत्रकार रईस अहमद की हत्या उनके ही घर में की गई थी। प्रारंभिक जांच में यह घटना एक सामान्य हत्या प्रतीत हो रही थी, लेकिन पुलिस की गहन विवेचना के बाद खुलासा हुआ कि यह एक पूर्व नियोजित साजिश थी। पुलिस जांच में सामने आया कि रईस अहमद की पत्नी ने अपने प्रेमी और एक विधि से संघर्षरत किशोर के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई थी। पत्नी और प्रेमी के बीच अवैध संबंध थे, जिसकी जानकारी रईस अहमद को हो चुकी थी। यही कारण था कि दोनों ने उन्हें रास्ते से हटाने की साजिश रची।

- पत्रकार रईस अहमद हत्याकांड में आया फैसला

**कैसे हुई थी हत्या की वारदात:** हत्या की रात जब रईस अहमद घर लौटे और भोजन कर सोने चले गए, तब पूर्वनियोजित योजना के तहत पत्नी के इशारे पर प्रेमी और नाबालिग साथी ने मिलकर धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। गंभीर चोटें लगने के कारण रईस अहमद की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मनेन्द्रगढ़ ने इसे गंभीरता से लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष जांच दल गठित की गई। पूछताछ के दौरान पत्नी का व्यवहार संदिग्ध पाया गया और जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने अपराध स्वीकार करते हुए पूरे षड़यंत्र का खुलासा किया। पुलिस ने पत्नी, उसके प्रेमी और किशोर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। अभियोजन पक्ष ने अदालत में यह तर्क दिया कि हत्या पूरी तरह पूर्व नियोजित और षड़यंत्रपूर्ण थी। अभियोजन ने विवेचना के दौरान प्राप्त रक्तरंजित हथियार, मोबाइल कॉल डिटेल्स, गवाहों के बयान और फॉरेंसिक रिपोर्ट के माध्यम से अपराध सिद्ध किया। अभियोजन ने कहा कि यह अपराध समाज में भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न करता है। अतः कठोर दंड आवश्यक है। सभी साक्ष्यों और गवाहियों का अवलोकन करने के बाद प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार तिवारी ने माना कि अभियोजन पक्ष ने अपराध को संदेह से परे सिद्ध किया है। अदालत ने आरोपी पत्नी और प्रेमी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) एवं 120-बी (आपराधिक षड़यंत्र) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, वहीं विधि से संघर्षरत किशोर का मामला बाल न्याय बोर्ड को भेज दिया गया है।



रईस अहमद — पत्नी — प्रेमी

### चेकपोस्ट में घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** धनवार बेरियर में घुसकर अधिकारी कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार 4 अक्टूबर की रात 10 बजे चन्दन, कैलाश, उपेन्द्र उर्फ गोली व 8 अन्य लोग धनवार आरटीओ बेरियर में घुस आए थे और पूर्व के विवाद को लेकर कार्यालय में घुसकर प्रार्थी भूषण ध्रुव उसके चालक ओमप्रकाश राजवाड़े के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने आरटीओ कैंप आवासीय परिसर में घुसकर गाली गलौज की व परिवहन निरीक्षक महेंद्र सिंह को कुलदीप के रूम में घुसकर मारपीट की। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच उपरान्त पूर्व में आरोपी कैलाश यादव, उपेन्द्र यादव उर्फ गोलू, एवं रंजन रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल करते हुए अन्य साथियों प्रीतम गुप्ता, राजेश यादव, मनोज यादव, मिथलेश रवि के साथ मिलकर स्कार्पियो वाहन में घटना कारीत करने की बात कही थी। घटना के बाद से आरोपी प्रीतम गुप्ता फरार चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर 2 अक्टूबर को आरोपी जमई निवासी 26 वर्षीय प्रीतम गुप्ता आ. दिनेश गुप्ता को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त स्कोर्पियो वाहन को जब्त किया है।

## एट्रोसिटी मामले में आरोपी को 6 माह का कारावास, अर्थदंड भी लगाया गया

**बैकुंठपुर/चरचा कॉलरी।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत बैकुंठपुर ने राज्य बनाम मजहर खान (विशेष आपराधिक प्रकरण क्रमांक 17/2021) में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अभियुक्त मजहर खान को विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया।

विशेष न्यायाधीश आशीष पाठक ने अभियुक्त को छह माह के कारावास और विभिन्न धाराओं के तहत अर्थदंड से दंडित किया। प्रार्थिया जो वर्ष 2020 में खाद्य निरीक्षक के रूप में बैकुंठपुर पदस्थ थीं, 19 जुलाई 2020 को ग्राम खरवत स्थित उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर लौट रही थीं। शाम लगभग 5 बजे खरवत रेलवे पुल के पास अभियुक्त मजहर खान तथा एक अन्य ने व्यक्ति मोटरसाइकिल से पहुंचकर उनका रास्ता रोक लिया। आरोप के अनुसार अभियुक्त ने प्रार्थिया के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र गालियां दीं तथा उनके विरुद्ध दर्ज केस को वापस लेने, हाईकोर्ट में जमानत का विरोध न करने और समझौता करने के लिए दबाव बनाया। केस नहीं मानने पर उन्हें जान से मारने, बच्चों को गायब कराने और नौकरी समाप्त करवाने की धमकी भी दी गई। घटना की रिपोर्ट पर थाना अजाक बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 26/2020 दर्ज किया गया। आरोपी के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 506, 509, 341, 34 एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1) (द), 3 (1) (घ), 3 (2) (क) के तहत मामला दर्ज रहा। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाया और यह दंड सुनाया धारा 294 व 341 भादंसः 500-500 का अर्थदंड धारा 506 भादंसः 6 माह का कारावास एवं 500 अर्थदंड धारा 3 (1) (द), 3 (1) (घ), 3 (2) (क): प्रत्येक पर 6-6 माह का कारावास एवं 500-500 का अर्थदंड किया गया। मामले में विशेष लोक अभियोजक ने तर्क दिया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग आज भी सामाजिक-आर्थिक विषमताओं और भेदभाव का सामना कर रहे हैं।

- खाद्य निरीक्षक के साथ किया था जातिसूचक शब्दों का प्रयोग

जब वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आवाज उठाते हैं, तो समाज के कुछ वर्ग इसका विरोध करते हैं, जिससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचती है, इसलिए ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई आवश्यक है। अदालत ने अभियोजन के तर्कों से सहमति जताते हुए कहा कि जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न संविधान के मूल मूल्यों के विरुद्ध है तथा समाज में समानता और सम्मान बनाए रखने के लिए ऐसे अपराधों पर कड़ा रूख जरूरी है।

### हरिभूमि से पुलिस अधीक्षक ने की चर्चा

## लोगों के बीच पुलिस के प्रति सम्मान का भाव जगाना मेरी पहली प्राथमिकता- रत्ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में हाल ही में पदस्थ हुई पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने कार्यभार संभालते ही साफ कहा है कि जनता और पुलिस के बीच आपसी विश्वास और सम्मान का रिश्ता बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना विकसित करना और पुलिस की छवि को और सशक्त बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। हरिभूमि से विशेष बातचीत में एसपी श्रीमती सिंह ने कहा कि जिले में जितने भी आपराधिक तत्व सक्रिय हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध कारोबार, जुआ, सट्टा, शराब और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे सभी लोगों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी और लगातार छापामार कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि पुलिस व्यवस्था का मकसद केवल अपराधियों को पकड़ना नहीं, बल्कि समाज में शांति और विश्वास का वातावरण बनाए रखना भी है। उन्होंने बताया कि पुलिस और जनता के बीच संवाद को और मजबूत किया जाएगा। लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है, न कि डर पैदा करने के लिए। इसके लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। एमसीबी जिले में लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सड़कों पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए नए उपाय लागू किए जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस टीम को अधिक सशक्त किया जाएगा और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। एसपी श्रीमती सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर रात्रि गश्त, पैदल पेट्रोलिंग और जनसंपर्क अभियान चलाए जाएंगे। जनता की शिकायतों को प्राथमिकता से सुना जाएगा और हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसपी ने कहा कि जिले की भौगोलिक स्थिति और सीमावर्ती इलाकों में अपराध की संभावनाओं को देखते हुए पुलिस को और सतर्क रहना होगा। पुलिस बल को आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से सशक्त किया जाएगा, ताकि अपराधों पर समय रहते रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता लाना है। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करें, यह सुनिश्चित किया जाएगा। अंत में एसपी श्रीमती सिंह ने कहा जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखना ही मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य है। जनता का विश्वास ही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है, और उस विश्वास को कायम रखना मेरी जिम्मेदारी है।



## बेलबहरा के छात्रों ने मचाया धमाल



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के छात्रों ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार में किसी से कम नहीं हैं।

- विज्ञान नाटिका और पश्चिम भारत विज्ञान मेला में हासिल किया प्रथम स्थान

रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी और पश्चिम भारत विज्ञान मेला में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जोन स्तर पर कई पुरस्कार अपने नाम किए। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और नवाचार को प्रोत्साहित करना था। अनेक विद्यालयों की सहभागिता के बीच बेलबहरा के छात्रों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुति और वैज्ञानिक सोच से निर्णायकों का दिल जीत लिया। विद्यालय की टीम ने विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने अपनी प्रस्तुति में विज्ञान के दैनिक जीवन में ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### माउंट लिट्रा जी के बच्चों ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**अंबिकापुर।** राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में माउंट लिट्रा जी स्कूल द्वारा कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केंद्र अजीरमा का भ्रमण किया और कृषि विज्ञान से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक खेती के तरीके, फसल प्रबंधन, जैविक खाद का निर्माण एवं उपयोग, जल संरक्षण तकनीक, तथा पौधों की उन्नत प्रजातियों के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से खेती की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया और कृषि उपकरणों के उपयोग को समझा। इस अनुभव ने बच्चों में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ-साथ प्रायोगिक शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया। विद्यालय की ओर से इस भ्रमण में अभय कुजूर, साक्षी केडिया, अनुराधा एवं अशील लकड़ा सम्मिलित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं क्योंकि ये उन्हें पुस्तकीय ज्ञान से परे जाकर वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ते हैं।

### करमा महोत्सव उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित



**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम डकवा में विकासखंड स्तरीय करमा महोत्सव के उपविजेता प्रतिभागियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने उपविजेता टीम के सदस्यों को साड़ी भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया। जनपद उपाध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि करमा नृत्य आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान है, जो श्रम, एकता और आनंद का प्रतीक है। इस पारंपरिक लोकनृत्य के माध्यम से समाज की सांस्कृतिक विरासत पीढ़ियों से सहेजी जा रही है। उन्होंने टीम को आगामी जिला स्तरीय करमा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जनपद सभापति कमला सिंह, भाजपा नेता मुकेश गुप्ता, जनपद सदस्य हरिराम नागेश, ग्राम पंचायत डकवा के सरपंच दिलीप केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और करमा दल के सदस्य उपस्थित रहे।

### संत नामदेव की जयंती पर हुई पूजा-अर्चना

**अम्बिकापुर।** शहर के नमनाकला स्थित पंचदेव मंदिर के निकट नामदेव विकास समिति द्वारा गणेश सिंह शांडिल्य के आवास में संत नामदेव की जयंती मनाई गई। इस दौरान संत शिरोमणि नामदेव की जीवनी पर विस्तार से चर्चा कर पूजा-अर्चना किया गया। इस दौरान संतोष कुमार नामदेव, अनूप नामदेव, कूंजे नामदेव, महेंद्र नामदेव, इंद्रजीत सिंह, बीना देवी, शांति देवी, दीपा देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### शोर मचा रहे बच्चों को डांटने पर युवकों ने की बुजुर्ग और महिला की पिटाई

**लखनपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवासी 70 वर्षीय विलास राम आ. स्व. मुड़री के घर के बाहर 31 अक्टूबर की रात 10 बजे कुछ बच्चे शोर मचा रहे थे। ऐसे में बुजुर्ग विलास राम और उसकी बहु सोनी खांडे ने बाहर निकलकर शोर मचा रहे बच्चों को डांटकर शांत कराया। इसी दौरान घर के समीप सुनील खांडे, रूपेश खांडे, सुरेंद्र महिलांगे, विकेश महिलागे भी मौजूद थे और गलतफहमी में उन्होंने समझ लिया कि बुजुर्ग उन्हें डांट रहा है। इस बात से आक्रोशित युवकों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब बुजुर्ग ग्रामीण की बहु सोनी खांडे ने बीच बचाव करने का प्रयास किया उन्होंने महिला के साथ भी मारपीट की। इस मामले में पुलिस बुजुर्ग ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 (बी), 351(3), 115 (2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### मोबाइल को लेकर सास की पिटाई, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** मोबाइल को लेकर एक बहु ने अपनी सास की पिटाई कर दी। आहत सास ने बहु के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। ग्राम टपरकेला महादेवपारा निवासी सुखमतिया पति मसत राम ने अपना मोबाइल घर में रखा था लेकिन खोजबीन करने पर नहीं मिल रहा था। कई दिन खोजबीन के बाद मोबाइल क्षतिग्रस्त हालत में मिला तो सास ने अपनी मझली बहु सीमा सिंह पति मोहन सिंह से पूछताछ करने लगी। सास की पूछताछ से नाराज बहु ने पहले गाली-गलौच किया तथा जान से मारने की धमकी देकर लात मुक्के व डंडे से सास की पिटाई कर दी सास ने बहु की पिटाई से हाथ एवं छाती में चोट आने का हवाला देकर बहु के विरूद्ध लखनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 246, 35 (3) एवं 115 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मुख्य मार्ग पर मवेशियों के जमावड़ा होने से आए दिन होती है दुर्घटनाएं

# आवारा मवेशियों से ग्राम पोड़ी सलका, डेडरी सपकरा व मानी क्षेत्र के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

**खास बात**

- खेत में तैयार धान की फसल को खाकर कर रहे चौपट, किसानों की बढ़ी चिंता

मानीचौक सहित आसपास गांव के लोग इन दिनों आवारा मवेशियों से काफी परेशान है। आवारा मवेशियों ने ग्राम पोड़ी सलका, डेडरी, सपकरा व मानी के किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। आलम यह है कि शाम ढलते ही खेतों में मवेशियों का झुंड टूट पड़ता है जो खेत की तैयार फसल को खाकर नुकसान पहुंचाने लगे है। ऐसे में किसान खेतों में लगी धान की फसल को बचाने न सिर्फ खेत में मचान बनाकर रखवाली करते है बल्कि पूरी रात रतजगा करने को मजबूर है।

मानीचौक क्षेत्र में इस दिनों आवारा मवेशियों की संख्या काफी बढ़ गई है जो दिन भर जंगल व मुख्य मार्ग एवं चौक चौराहों में रहते है और शाम ढलते ही किसानों खेतों में पहुंच कर धान की बाली को खाकर बर्बाद कर दे रहे है। किसानों ने बताया कि ग्राम पोड़ी, सलका, डेडरी, सपकरा,मानी में आवारा मवेशी सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र में विचरण करते है। झुंड में रहने वाले मवेशी किसी के भी खेत में पहुंच जाते है तो फसल को पूरा बर्बाद करके निकल जाते है जिससे किसान परेशान है। इधर जंगली क्षेत्र होने से जंगली जानवरों की भय लगातार बना होता है। बावजूद इसके किसान डर के साय में भी खेत में मचान बनाकर पूरी रात अपने खेतों में सोते हैं ताकि फसल को बचाया आवारा मवेशियों से बचाया जा सके। किसानों ने बताया कि खेतों में धान की फसल तैयार हो गई और कटाई होना बाकी है। इधर रात में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी फसल को खाकर काफी नुकसान पहुंचा रहे है। उन्होंने बताया कि सैकड़ों की संख्या में आवारा मवेशी विचरण कर रहे है जो रोजाना दर्जनों किसान के फसल को खाकर नुकसान पहुंचा रहे है। किसानों ने आवारा मवेशियों की धर पकड़ कर क्षेत्र में संचालित गौठान में रखने की मांग की है जिससे खेतों में लगी धान की फसल सुरक्षित हो सके।

इस संबंध में मानी उप सरपंच बोधन सिंह पोर्ते ने बताया कि आवारा पशुओं की संख्या काफी बढ़ गया है और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। धान की फसल तैयार है लेकिन बाली को अब मवेशी खाने लगे है जिससे किसान चिंतित है। गौशाला में आवारा मवेशियों को रखने के लिए बात की लेकिन गौशाला में क्षमता नहीं होने जानकारी देते है जिस कारण पशु इधर उधर भटकते है।



चौक पर मवेशियों का झूण्ड।

**वाहनों से छोड़ जाते है मवेशी**

क्षेत्र में राधा कृष्ण गौशाला संचालित है जिसके आड़ में दूर दराज क्षेत्र से लोग वाहनों में मवेशी गौशाला में छोड़ने के बहाने लेकर आते हैं। लेकिन गौ शाला प्रबंधन जब जगह की अभाव होने के बात करते है तो लोग पास के जंगल में मवेशियों को छोड़कर चले जाते है। मवेशियों के जंगल में छोड़कर चले जाने के कारण इन दिनों क्षेत्र में मवेशियों की संख्या में एकाएक काफी वृद्धि हुई है जो अब किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

**किसान झेल रहे दोहरी मार**

किसान संदन पटेल ने बताया कि इस वर्ष किसानों को दोहरी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से जहां खेतों में तैयार फसल को काफी नुकसान हुआ है वहीं अब क्षेत्र में एकाएक बढ़े आवारा मवेशियों ने किसानों की परेशानी और भी बढ़ा दी है। दिन आवारा मवेशी मुख्य मार्ग व चौक चौराहों पर झुंड में रहते है लेकिन शाम ढलते ही खेतों की ओर रुख करने लगते है और तैयार धान की फसल को खाकर नुकसान पहुंचाते है। पहले बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान हुआ अब आवारा मवेशी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है जिससे किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

**आए दिन होती है दुर्घटनाएं**

पोड़ी हाई स्कूल के समीप मेन रोड में कई मवेशी कोयला वाहनों की चपेट में आने से अपनी जान गवां चुके है। दिन के समय बड़ी संख्या में मानीचौक और पोड़ी हाई स्कूल चौक के समीप आवारा मवेशी झुंड में सड़क पर बैठे रहते है जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है।

# पेट्रोल खत्म होने पर चोरी की स्कूटी छोड़कर भाग गया था चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



स्कूटी चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्कूटी चोरी करने के बाद घूमता रहा और पेट्रोल खत्म होने के बाद लावारिश हालत में छोडकर फरार हो गया था।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बौरीपारा महादेव गली निवासी सत्येन्द्र सोनी 18 अक्टूबर को अपनी स्कूटी क्रमांक इस्जी 15 सीआर 8860 को प्रिंस टेलर के सामने अम्बर होटल गली के पास खड़ी कर अपने दुकान में चला रहा था। रात 9.30 बजे जब वह दुकान से घर जाने के लिए निकला तो उसकी स्कूटी चोरी हो गई थी। व्यवसायी ने घटना की शिकायत 24 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इस बीच स्कूल रोड कन्हैया दुकान के समीप उक्त स्कूटी लावारिश हालत में पुलिस ने बरामद किया था जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही थी। जांच के बाद पुलिस ने रजपुरी निवासी 19 वर्षीय डाक्टर चौधरी आ. बंठू चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने स्कूटी चोरी करने और चोरी की स्कूटी से घूमने की बात स्वीकार की। पेट्रोल खत्म होने पर चोर स्कूटी को छोडकर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक जितेश साहू सक्रिय रहे।

### चोरी की बाइक बेचने घूम रहा युवक गिरफ्तार, दो वाहन जब्त

**वाड्रफनगर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोर के साथ एक बाइक व एक स्कूटी बरामद किया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि बसंतपुर थाना पुलिस को 2 अक्टूबर को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि जमई का प्रीतम गुप्ता चोरी की बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर जमई निवासी 26 वर्षीय प्रीतम गुप्ता आ. दिनेश गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की वह पहले आना कानी करता रहा लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से एक टीवीएस अपाचे बाइक और एक्टिवा स्कूटी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बसंतपुर जितेन्द्र सोनी, प्रधान आरक्षक पंकज पोर्ते सहित अन्य सक्रिय रहे।



# चौक में बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**कुसमी।** बिरसा मुंडा सेवा समिति ग्राम दर्रीपारा के तत्वावधान में बिरसा मुंडा की प्रतिमा 15 नवम्बर को स्थापित करने के पूर्व किए जाने वाले अनुष्ठान के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद भगत एवं बिरसा मुंडा सेवा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन भगत के अगुवाई में भगवान बिरसा मुंडा की जन्म भूमि ग्राम उलिहातु जिला घुंटी झारखंड से परंपरा एवं सामाजिक रीति रिवाज के साथ बिरसा मुंडा के परपोते सुखराम मुंडा द्वारा पूजा अर्चना किया गया। बिरसा मुंडा सेवा समिति दर्रीपारा को बिरसा मुंडा के वंशज द्वारा पावन भूमि की मिट्टी प्रदान किया गया। जिसे बिरसा मुंडा सेवा समिति के संरक्षक एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान पूर्वक स्थापना स्थल पर लाया गया। इस अवसर पर नगर में कलश यात्रा निकली गई, जिसका जगह जगह क्षेत्र वासियों द्वारा फूल एवं पुष्प गुच्छों के साथ स्वागत किया गया। कलश यात्रा का संचालन बिरसा मुंडा युवा समिति अध्यक्ष कमलेश लकड़ा के नेतृत्व में किया गया। 15 नवम्बर को बिरसा मुंडा की प्रतिमा बिरसा मुंडा चौक दर्रीपारा में स्थापित की जाएगी। इस दौरान बिरसा मुंडा सेवा समिति उपाध्यक्ष जगमोहन सोनवानी, उपाध्यक्ष पवन साय, रूप साय,



निर्मल खाखा, सह सचिव राजेश कुमार बड़ा, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष रामसाय भगत, सुशीला लकड़ा, किरता राम रघुवीर भगत, वेदांत भारती, मोहम्मद नईम खान, क्षत्रपति प्रजापति, मानेश्वर टोप्पो, राकेश बारगाह, संदीप तिर्की, भुनेश्वर अगरिया, विकाश लकड़ा, रोहित कुमार, सागर लकड़ा, प्रकाश विश्वकर्मा, करीमन लकड़ा, कविता, बृजेश बखला, बाबूलाल बखला, नंदेश्वर, नीलम तिर्की, शिला बड़ा, माधुरी लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

# ओपीएस के डिबेट कॉम्पीटिशन में कलाम और टैगोर हाउस विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में सोमवार को इन्टर हाउस डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में कलाम हाउस तथा टैगोर हाउस के बीच कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें अनुशासन और सम्मान के साथ बुद्धिमता विषय पर दोनों हाउस के विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। कलाम हाउस ऐश्वर्या चौबे, यथार्थ पाण्डेय, समृद्धि सिन्हा एवं अनुष्का सिंह की टीम 145 प्वाइंट के साथ विजयी घोषित हुई तथा कक्षा 12वीं की अनुष्का सिंह बेस्ट स्पीकर रही।

जूनियर वर्ग डिबेट प्रतियोगिता में टैगोर हाउस और कलाम हाउस के बीच मुकाबला फ्रीडम ऑफ स्पीच विषय पर हुआ जिस पर दोनों हाउस के प्रतिभागियों ने एक दूसरे को कांटे की टक्कर दी। अंत में टैगोर हाउस से अक्ष पाठक, अर्पिता पाल, शिवम पाण्डेय तथा आरोही सिंह की टीम 165 प्वाइंट से विजयी घोषित हुई तथा कक्षा 10वीं की गरिमा गायकवाड़ बेस्ट स्पीकर रही।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य परस्पर विचारों के समर्थक विद्यार्थियों द्वारा आपस में अपने-अपने तर्क प्रस्तुत करना तथा बच्चों की तर्क शक्ति, वक्तव्य कला एवं प्रस्तुति को विकसित करना था। प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विजयी हाउस के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नगर के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन

**रामानुजगंज।** मार्शल आर्ट कराटे ट्रेनिंग सेंटर के चार खिलाड़ियों ने नगर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन पंजाब राज्य के जालंधर में 7 से 9 नवम्बर तक आयोजित होने वाली चौथी राष्ट्रीय मंसूरिया इंटरनेशनल ऑल स्टाइल ओपन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। ट्रेनर तरुण शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 300 से 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। ऐसे में रामानुजगंज के खिलाड़ियों का चयन नगर के लिए गर्व की बात है।



उन्होंने बताया कि आकृति पासवान सब-जूनियर अंडर 30 किलो भार वर्ग,. महिमा सिंह सिदार सब-जूनियर अंडर 28 किलो भार वर्ग, सेजल विश्वकर्मा सब-जूनियर अंडर 60 किलो भार वर्ग व कृष्ण कुमार विश्वकर्मा सीनियर अंडर 55 किलो भार वर्ग के लिए चयन किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन काता एवं कुमिते, दोनों इवेंट्स में हुआ है। इधर खिलाड़ियों के चयन की सूचना मिलते ही नगर वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# ग्रुप डांस सेमीफाइनल सम्पन्न, 8 ग्रुप ने फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रतिभा और परंपरा का अनोखा संगम, किया बुजुर्गों का सम्मान

अनोखी सोच संस्था के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी डांस प्रतियोगिता में बीती रात ग्रुप डांस श्रेणी का सेमीफाइनल राउंड संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में 15 सेमीफाइनलिस्ट ग्रुप्स ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। निर्णायकों के गहन मूल्यांकन के पश्चात 8 ग्रुप को फाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया।

अनोखी सोच संस्था द्वारा सामाजिक मूल्यों और परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों का भी आदर-सम्मान किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट उनके



योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि हमारी जड़ें हमारे बुजुर्ग हैं। उनके आशीर्वाद और अनुभव से ही आज की पीढ़ी आगे बढ़ रही है। कला के इस मंच पर उनका सम्मान हमारे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय गोयल, डॉ. जीके दामले, डॉ. स्वशित शुक्ला, श्रीमती सुमन सिंह, चन्द्रशीला लाल, श्रीमती तारा, श्रीमती जया वर्मा, श्रीमती रोशन बैक, छोटेलाल शर्मा, प्रिया परीडा, संगीता सिंह, डॉ. अंकिता गोयल एवं डॉ. मेघा गोयल उपस्थित रहे । साथ ही विशिष्ट अतिथि नितिन बंसल, अमित गोयल, अशोक अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुनील विश्वास, रानू दुबे, राजेश अग्रवाल, भोले यादव, रामकुमार यादव, सूरज तिवारी, प्रतीक दीक्षित, अमन जायसवाल, श्रीमती विमला राजवाड़े, श्रीमती मनीषा गोयल शामिल रही। सभी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनोखी सोच संस्था द्वारा युवाओं को मंच प्रदान करने का यह प्रयास न केवल कला को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी कर रहा है। निर्णायक मंडल में रणविजय प्रताप सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, अंजनी कुमार पांडेय, मो. शिफते हसन, रविंदर कौर बाबरा, रश्मित कौर, मोना त्रिपाठी एवं गुड्डु त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि इस प्रतियोगिता में प्रस्तुतियों का स्तर बेहद उच्च रहा है। संस्था के अध्यक्ष सुर्यप्रकाश साहू, अभय साहू, लालजी साहू सहित पूरी टीम की प्रयासों से कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले का आयोजन आगामी 4 नवंबर को किया जाएगा, जिसमें सीनियर, जूनियर, सिंगल और ग्रुप डांस के फाइनलिस्ट मंच पर अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

# फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन बेचने की साजिश पीड़ितों ने की थाने व तहसीलदार से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

- दोषियों के विरूद्ध की कार्रवाई की मांग

ग्राम सत्यनगर के चार ग्रामीणों की जमीन को फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने की कथित साजिश का मामला सामने आया है। इस संबंध में दुलार तुरी, दशरथ तुरी, ठाकुरलाल व फुलसुन्दरी ने झिलमिली-भैयाथान थाना प्रभारी व तहसीलदार से शिकायत की है।

पीड़ितों ने सौंपे शिकायत में आरोप लगाया है कि प्रतापपुर मरहट्टा निवासी सहाबुद्दीन अंसारी, ग्राम कलुआ के सुखसेन और हरिओम पांडेय ने उनके नाम से कूटरचित नोटरीकृत सहमति पत्र बनवाया है, जिसमें उनके फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन विक्री के लिए तैयार दिखाया गया है। उन्हें यह फर्जी सहमति पत्र कुछ दिन पहले ही प्राप्त हुआ, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कभी भी भूमि बेचने की सहमति नहीं दी और न ही किसी नोटरी पर हस्ताक्षर किए। उनके अनुसार यह सीधा-सीधा धोखाधड़ी व जालसाजी है और उनकी जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है। पीड़ितों ने पुलिस व राजस्व प्रशासन से आरोपियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए भूमि विक्रय की अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच की बात कही है। इस दौरान दुलार, सांझी, बुधियारो, भीखम, रंजीत , दशरथ, सरपंच राजलाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### क्रेशर प्लांट की जमीन पर कब्जा का प्रयास, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** क्रेशर प्लांट की जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद में प्लांट संचालक से मारपीट का मामला सामने आया है। क्रेशर प्लांट संचालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। बलरामपुर जिले के राजपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम खुखरी निवासी 42 वर्षीय संजीत कुमार जायसवाल आ. स्व. विरचंद प्रसाद जायसवाल द्वारा भेलाई खुर्द में 20 वर्षों से क्रेशर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। उक्त प्लांट का संचालन खसरा नम्बर 191/1 रकबा 0.2000 हेक्टेयर है। आरोप है कि 1 नवम्बर को रामलाल आ. स्व. सोहर यादव ने आकर क्रेशर प्लांट की जमीन को अपना बताकर जोताई शुरू कर दिया गया। इस बात की जानकारी मिलने के बाद क्रेशर प्लांट संचालक मौके पर पहुंचा तो रामलाल यादव ने उसके साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामलाल यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 329(3), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बिजनेस प्लस

### स्वदेशी खादी महोत्सव के अंतिम दो दिन शेष

**अम्बिकापुर।** स्थानीय कला केंद्र मैदान में विगत कुछ दिनों से आयोजित स्वदेशी खादी महोत्सव के अब दो दिन शेष रह गए हैं। प्रदर्शनी संचालक ने बताया है कि यह प्रदर्शनी अब दो दिन की रह गई है, अंतिम दिनों को देखते हुए प्रदर्शनी में काफी छूट का प्रावधान रखा गया है। हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर 10 प्रतिशत से लेकर के 20 प्रतिशत तक की भारी छूट दी जा रही है। कारपेट, करकारी, एवं कश्मीरी साड़ियों पर विशाल छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी का समय पूर्व की भांति सुबह 10 से लेकर के रात्रि के 10 बजे तक रहेगा। प्रदर्शनी में त्योहारों के हिसाब से पारम्परिक परिधान व घरेलू वस्तुओं की खरीदारी में काफी छूट का लाभ उठा सकते हैं।





# तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' इस साल खास त्योहार पर रिलीज होगी। अनन्या पांडे और कार्तिक आर्यन इस त्योहारी सीजन में खुशियां बिखेरने के लिए एक साथ आ रहे हैं। समीर विदवान्स के निर्देशन और धर्मा प्रोडक्शंस के सहयोग से बनी रोमांटिक फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। सोमवार को कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का एक पोस्टर शेयर किया। जिसमें अनन्या और कार्तिक दोनों एक साथ बेहद खुश नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं फिर आ रहा हूं। इस बार क्रिसमस 25 दिसंबर तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी।

लाइफ Style



# अनुपर्णा

## सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज ने जिंदगी में लाया बदलाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मशहूर फिल्म निर्माता अनुपर्णा रॉय को हाल ही में 82वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में उनकी फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड मिला। इसके बाद उन्हें काफी प्रशंसा मिली। अब अनुपर्णा ने अपनी इस जीत के अनुभवों को साझा किया।

अनुपर्णा ने अपनी ऐतिहासिक जीत को अपने जीवन का एक लाइफ चेंजिंग मूमेंट बताया। एक बातचीत में अनुपर्णा ने अपने प्रति इंडस्ट्री में आए बदलाव को लेकर बात की। इसके बाद उनके जीवन में बदलाव आया और उन्हें स्वतंत्र फिल्म मेकर के रूप में ज्यादा अवसर मिलने लगे। अपनी जीत के अनुभवों को साझा करते हुए निर्देशक ने बताया कि मैं इसका पूरा आनंद ले रही हूं। एक स्वतंत्र फिल्म निर्माता के रूप में इसने मुझे जो अनुभव दिया, वह अद्भुत था, क्योंकि अब निर्माता मेरे लिए बहुत सुलभ हैं और मैं भी उनके लिए सुलभ हूं। मैं उन्हें अपना अगला प्रोजेक्ट बता सकती हूं। एक फिल्म निर्माता के रूप में आपको और क्या चाहिए। जब आपको अपना अगला प्रोजेक्ट बताने का मौका मिलता है और वो भी जीत की वजह से या अपनी पहली फिल्म की वजह से आपको एक और फिल्म करने का मौका मिलता है, तो यह सबसे बड़ी खुशी की बात होती है। निर्देशक ने अपनी स्वतंत्र फिल्म के निर्माण के दौरान आने वाली शुरुआती चुनौतियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, जब मैंने यह प्रोजेक्ट शुरू किया, तो मैंने कभी निर्माताओं के बारे में नहीं सोचा, मैंने कभी किसी चीज के बारे में नहीं सोचा।

हॉलीवुड मसाला



# जिम से किया प्यार का इजहार

**लॉस एंजिल्स।** 56 वर्षीय हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने इंस्टाग्राम पर जिम कर्टिस के साथ अपने रिश्ते पर आधिकारिक मुहर लगा दी है। अभिनेत्री ने एक रोमांटिक तस्वीर साझा की है, जिससे चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है। नेटिजंस ने कहना है कि उन्होंने सगाई कर ली है। अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन ने हिप्नोथेरेपिस्ट जिम कर्टिस को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए अपनी एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इसमें वह जिम को पीछे से गले लगा रही हैं।




# गायिका ब्रिटनी ने डिलीट किया इंस्टाग्राम अकाउंट

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पर कई क्रिप्टिक और इमोशनल पोस्ट साझा किया था। अब अचानक उनके इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट होने पर उनके प्रशंसकों में चिंता की लहर दौड़ गई है। अमेरिकन गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स का अकाउंट रविवार यानी 2 नवंबर को डिलीट हो गया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने पूर्व पति केविन फेडरलाइन की याद में कई चिंताजनक पोस्ट साझा किया था। बीते कुछ दिनों पहले सिंगर ने एक डांस करने वाला वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने अपने बच्चों जेडन जेम्स और सीन प्रेस्टन को टैग करते हुए कैप्शन भी लिखा था। हालांकि, इस पोस्ट के कमेंट्स उन्होंने बंद कर दिए थे, जिसने नेटिजंस को हैरान किया। इसके अलावा 7 अक्टूबर को गायिका ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो शेयर किया।



# 'तेरे इश्क में' का नया गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' सोमवार रिलीज हो चुका है। इस गाने में धनुष और कृति सेनन के रिश्ते की गहराई को दिखाया गया है।कृति सेनन और धनुष ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'तेरे इश्क में' का नया गाना 'उसे कहना' लगाया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'उसे केहना जो आंखें बोल गई, पर दिल नहीं कह सका.. रिलीज हो चुका है। इस साल 28 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' इस गाने की शुरुआत धनुष के सवाल से होती है कि क्या कृति कभी उनसे प्यार करती थी और कृति भावुक होकर रो पड़ती है। इस फिल्म में धनुष ने शंकर नाम के आशिक का किरदार निभाया है और कृति ने मुक्ति का रोल अदा किया है। 'उसे कहना' गाने को नितेश अहेर और जोनिता गांधी ने गाया है।



# हाथ में गुदवाया है स्मृति का टैटू

**मुंबई।** बीते रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्वकप जीतकर इतिहास रच दिया। इसके बाद से देश में चारों तरफ जश्न का माहौल है। इसी दौरान पलाश मुच्छल ने कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिसमें वो क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ भारत की जीत को सेलिब्रेट कर रहे हैं। हालांकि, पलाश के हाथ पर स्मृति के नाम के टैट ने नेटिजंस का ध्यान खींचा। हर कोई जानना चाह रहा है कि कौन हैं पलाश, जो अपनी शादी को लेकर भी चर्चा में हैं। पलाश मुच्छल बॉलीवुड इंडस्ट्री के युवा संगीतकारों में शामिल हैं। पलाश संगीत निर्देशक भी हैं। इसके अलावा वह प्रसिद्ध गायिका और समाजसेवी पलक मुच्छल के भाई भी हैं। पलाश ने अपने कॅरियर की शुरुआत 2014 में शिल्पा शेट्टी की फिल्म 'ढिश्कियाऊं' से बतौर संगीतकार के रूप में शुरू किया था।

टीवी मसाला



# महाभारत- एक धर्मयुद्ध की एआई ने डुबोई लुटिया

**नई दिल्ली।** इन दिनों जियो हॉटस्टार पर माइथोलॉजिकल शो 'महाभारत- एक धर्मयुद्ध' का ऑडियंस में जदबरदस्त क्रेज नजर आ रहा है। जहां बीआर चोपड़ा के महाभारत की झलकियां आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं, वहीं अब एआई के सहारे इस माइथोलॉजिकल कहानी को नए जेनरेशन के लिए कुछ इस तरह से तैयार किया गया है कि वो उससे कनेक्ट हो सकें। एआई से तैयार किए गए इस शो के रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए शो में कुछ ऐसा दिख गया है जो लोगों को हजम नहीं हो पा रहा। 'रामायण' और 'महाभारत' के काल को दिखाने वाले इस शो में हस्तिनापुर का एक सीन दिखाया गया है। यहां पर कहानी भीष्म के जन्म पर बेस्ड दिखाई गई है। इस शो का पहला एपिसोड 25 अक्टूबर को स्ट्रीम हुआ है। इस सीन में दिखाया जाता है कि कैसे मां गंगा अपने नवजात बच्चे के साथ हस्तिनापुर के महल के कमरे में हैं। इसी दौरान लोगों की नजरें बेड के किनारे मॉडर्न फर्नीचर दिख रहा है। बेड के किनारे रखी साइड टेबल पर लोगों की निगाहें पड़ी हैं, जिसमें ड्रॉअर्स भी बने हैं। बेड के ऊपर रखा तकिया भी नए दौर का नजर आ रहा है। एक ने कहा- हस्तिनापुर में मॉडर्न फर्नीचर होता था क्या? हालांकि, एआई के सहारे उस सदी के इंटीरियर से कमरे के लुक को मैच करने की पूरी कोशिश की गई लेकिन इस एक चूक से लोगों के बीच जमकर मजाक हो रहा है। अब इसी सीन के स्क्रीनशॉट लेकर सोशल मीडिया पर इसे खूब शेयर किया जा रहा है। लोगों ने कॉमेंट्स भी किए हैं।

## बिग बॉस के घर में बहने लगी है हवा उल्टी

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर के अंदर हवा और मिजाज इस वक्त बदल गया है। दिन-रात अमल के गुन गाने वालीं तान्या ने भी अब अमल को भाई जैसा कह दिया है जिसपर फरहाना ने उनकी क्लास लगा दी है।



फरहाना ने कहा- मुझे नहीं लगता कि कल से पहले तक तू अमाल को भाई मानती थी। वो कहती हैं- इतना किसी के पीछे नहीं मरते, अलग ही इंसान बन जाती है तू अमाल के सामने। 'बिग बॉस 19' के घर में हवा उल्टी बहने लगी है, मिजाज बदले-बदले दिख रहे हैं और लोगों पर चढ़ा रंग भी अब उतरने लगा है। 'बिग बॉस' को मोस्ट कॉन्ट्रोवर्शल रिएलिटी शो ऐसे ही नहीं कहा जाता। इस शो में अच्छे-अच्छों के तेवर बदले हैं। फिलहाल जो पहले दिन से तान्या मित्तल का जो अंदाज दिख रहा था, वो अब बदला-बदला सा दिख रहा है। अमल मलिक की गलतियों पर आंखें बंद करने वालीं, उनके गुस्से पर प्यार और केयर जताने वालीं तान्या को अमल ने जब से बहन कहा, उनका रुख ही बदल गया है।

# आईएफएफआई 2025 में पहली बार आयोजित होगा एआई फिल्म फेस्टिवल

**मुंबई।** नवंबर की 20 से 28 तारीख तक गोवा में 'भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' का आयोजन होने वाला है। इस प्रोग्राम में भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फिल्म फेस्टिवल और हैकथॉन का आयोजन किया जाएगा। यह प्रोग्राम सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत किया जाएगा।

***कार्यक्रम में कई लोगों को साथ लाया जाएगा :*** कार्यक्रम को करने का मकसद यह पता करना है कि एआई किस तरह से फिल्ममेकिंग और कहानी कहने के तरीके में बदलाव ला सकता है। इसके जरिए फिल्म निर्माताओं, रचनाकारों और तकनीकी जानकारों को साथ लाया जाएगा और एआई के उपकरणों पर विचार किया जाएगा।

## कार्यक्रम का मकसद रचनात्मकता को बढ़ाना है




महोत्सव के निदेशक शेखर कपूर जो एआई फिल्म फेस्टिवल से जुड़े हैं, ने कहा कि कार्यक्रम का मकसद टेक्नोलॉजी के जरिए रचनात्मकता को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा 'सिनेमा ने अक्सर इंसानी सोच की ताकत को दिखाया है। आज एआई हमें एक ऐसी ताकत दे रहा है जिसके जरिए हम सपने देख सकते हैं और उन्हें प्रदर्शित कर सकते हैं। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इसका मंच होगा।'

## एआई के इस्तेमाल पर होगी बात

एआई फिल्म फेस्टिवल में एआई से बनाई गई अलग-अलग शैलियों की फिल्में शामिल होंगी। इसमें फिक्शन, डॉक्यूमेंट्री और एनिमेशन फिल्में प्रदर्शित होंगी। डेवलपर और कहानीकारों के लिए एआई-आधारित फिल्म बनाने के लिए 48 घंटे का एक हैकथॉन भी आयोजित किया जाएगा। वर्कशॉप में इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि फिल्म बनाने में एआई का कैसे इस्तेमाल किया जाए और कहानी कहने के तरीके में क्या तकनीक इस्तेमाल की जाए।

# एक दीवाने की दिवानियत का सौ करोड़ पार

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनकी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'ने 100 करोड़ का वर्ल्डवाइड ग्रास कलेक्शन कर लिया है। इस बात से वह काफी खुश हैं, क्योंकि यह उनके कॅरियर की सबसे सफल फिल्म बन चुकी है। इंस्टाग्राम पोस्ट पर हर्षवर्धन ने कैप्शन लिखा, 'मिला पूरी दुनिया का प्यार, दीवानों ने किया सौ करोड़ पार।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म का बजट लगभग 30 करोड़ रुपए बताया गया है। वर्ल्डवाइड यह फिल्म ग्रास 101.1 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। इस तरह देखा जाए तो फिल्म ने अपने बजट से तीन गुना ज्यादा कमाई कर ली है। फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'ने 14वें दिन यानी सोमवार को 42 लाख रुपए की कमाई की है। फिल्म ने रविवार को 3.48 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। कुल कमाई की बात करें तो फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 64.55 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। दो हफ्ते में आकर हर्षवर्धन की फिल्म ने यह कमाई की है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' एक जुनूनी आशिक की कहानी है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे ने विक्रमादित्य नाम के एक आर्टिस्ट का रोल किया है। जो अदा (सोनम बाजवा) नाम की लड़की के प्यार में डूब जाता है।




## महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, ना कि उन्हें नीचा दिखाना चाहिए

# थप्पड़ से लेकर मिसेज तक, इन फिल्मों ने दी घरेलू नायिकाओं को आवाज

*मुंबई।* गृहिणी, जिसे आसान शब्दों में कहें तो घर की सबसे जिम्मेदार महिला कहते हैं। अक्सर उन्हें घर के हर छोटे-बड़े काम को सहजता से करते और परिवार की धड़कन की रूप में देखा जाता है। वे हमारे जीवन का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। कई बॉलीवुड फिल्मों में उनके कहानी दिखाई गई है।

**मिसेज :** आरती कदव के निर्देशन में बनी फिल्म 'मिसेज' में सान्या मल्होत्रा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में दिखाया जाता है कि किस प्रकार एक महिला अपने परिवार की जिम्मेदारियों में फंसकर अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती। साथ ही पुरुष समाज की खराब मानसिकता को भी दर्शाया गया है। यह फिल्म संदेश देती है कि एक महिला (गृहिणी) को घरों में सम्मान मिलना चाहिए और उनके सपनों की भी इज्जत होनी चाहिए।

**थप्पड़ :** साल 2020 में अनुभव सिन्हा के निर्देशन में फिल्म 'थप्पड़' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाए घर में काम करना चुनती है। हालांकि एक दिन जब उसका पति किसी कार्यक्रम में उसको थप्पड़ मार देता है, तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। यह फिल्म बताती है कि महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, ना कि उन्हें नीचा दिखाना चाहिए।



**इंग्लिश विंग्लिश :** गौरी शिंदे के निर्देशन में साल 2012 में फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश'रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी शशि नाम की महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अंग्रेजी नहीं जानती और अपने परिवार और समाज द्वारा उसे इस बात को लेकर असुरक्षित महसूस कराया जाता है। इसके बाद वह अंग्रेजी सीखने का प्रयास करती है। फिल्म में श्रीदेवी मुख्य भूमिका में थीं।

***बीवी नंबर वन :*** *डेविड धवन के निर्देशन में साल 1999 में फिल्म 'बीवी नंबर 1' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी प्रेम नाम के किरदार के आस-पास घूमती है, जो एक शादीशुदा आदमी है। हालांकि, उसे एक दूसरी लड़की से प्रेम हो जाता है। फिल्म में प्रेम की पत्नी ने एक संस्कारी गृहिणी का भूमिका निभाई है। फिल्म 'बीवी नंबर वन' में सलमान खान, अनिल कपूर, करिश्मा कपूर और सुष्मिता सेन अहम भूमिकाओं में हैं।*

***तुम्हारी सुलु :*** *सुरेश त्रिवेदी के निर्देशन में साल 2017 में फिल्म 'तुम्हारी सुलु'रिलीज हुई थी। विद्या बालन अभिनीत यह फिल्म एक घरेलू महिला की कहानी है, जो रेडियो जॉकी बनकर अपनी जिंदगी की एक अलग मिसाल पेश करती है। फिल्म में विद्या के साथ मानव कौल नजर आए थे।*

## खबर संक्षेप

### कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनें अशोकलाल



**बैकुण्ठपुर।** सर्व रविदास समाज की प्रदेश स्तरीय विशाल बैठक 2 नवंबर को गुरुघासीदास प्लाजा रायपुर में हजारों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संत रविदास जी महाराज के अनुयायी समाज के सभी सात प्रमुख जाति घटकों ने सर्वसम्मति से नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। इस कार्यकारिणी में कोरिया जिले के अशोक लाल कुर्रे को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने पूर्व में कोरिया जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं सरगुजा संभागीय अध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन किया है। उनके अनुभव, सक्रिय कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए यह माना जा रहा है कि वे सामाजिक एकता, जन-जागरूकता और विकास को नई दिशा देंगे। प्रदेश कार्यकारिणी में सरगुजा संभाग से बाल भगवान राम, नरेन्द्र चंचल, लखनलाल कुर्रे, राधा रवि, विमला सोनवानी और रविन्द्र रवि को भी महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त हुए हैं। श्री कुर्रे को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की खबर से उनके शुभचिंतकों, समर्थकों और समाजजन में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

### विदेशी करंसी के चक्कर में युवक ने गवाएं 2 लाख 49 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** रायपुर स्थित एक टूर एण्ड ट्रेवल्स कंपनी में विदेशी करेंसी कराने के चक्कर में युवक ने एक कर्मचारी के खाते में 2 लाख 49 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से डाल दिया। युवक जिस कर्मचारी के खाते में रुपए डाला वह चार माह पूर्व ही काम छोड़ चुका था। इधर विदेशी करंसी नहीं मिलने पर पीड़ित घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुंडला सिटी निवासी अमित अग्रवाल बाहर जाने के लिए 27 अक्टूबर रायपुर की एक टूर एण्ड ट्रेवल्स कंपनी में विदेशी करेंसी कराने के लिए कंपनी के कर्मचारी रायपुर टीसी सिन्हा हाउस नहर रोड निवासी लोकेश नायक आ. रीत कुमार नायक के खाते में फोन पे के माध्यम से 2 लाख 49 हजार रुपए भेज दिया।

### ग्रामीण से 60 हजार रुपए की लूट, आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बाइक सवार ग्रामीण से रुपयों से भरा झोला लूटने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। आरोपी ग्रामीण के 60 हजार रुपए और दस्तावेजों से भरा झोला लेकर फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लूट की रकम को बिलासपुर में घूमने फिरने में उड़ा दिया। बताया जा रहा है कि दरिमा नवानगर निवासी रामनाथ राम 14 अक्टूबर को अपने बैंक खाते से पैसा निकालने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अंबिकापुर आया हुआ था। इस दौरान ग्रामीण ने बैंक से 20 हजार रुपए निकाला जबकि पहले से सामान लेने के लिए उसके पास 40 हजार रुपए मौजूद थे।

## 21 उपार्जन केन्द्रों में 1.37 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य

# धान खरीदी : 9 नवंबर से किसानों को जारी होंगे टोकन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कृषि, सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड तथा नोडल अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होगी, इसके पूर्व सभी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित भी करें।

उन्होंने बारदाने से संबंधित व्यवस्था उपार्जन पूर्व करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही नहीं बरतने की हिदायत दी। धान उपार्जन एवं निराकरण प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं को नियंत्रित करने के लिए शासन द्वारा जिला एवं तहसील स्तर पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। उपार्जन



बैठक लेती कलेक्टर

केन्द्र प्रभारियों और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान के उचित रख-रखाव, किसानों की सुविधाओं और पारदर्शिता के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की किसानों से एक-एक दाना धान खरीदने की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने के लिए सभी स्तरों पर संवेदनशीलता और तत्परता अपेक्षित है।

जिले के उपार्जन केन्द्रों को पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर अतिसंवेदनशील, संवेदनशील एवं सामान्य श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। संवेदनशील केन्द्रों पर पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देंगे। खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसान 22 हजार 126 से 1 लाख 37 हजार 468 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। विगत खरीफ वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों की संख्या 20 हजार 117 थीं, जिसमे से 19 हजार 606 किसानों ने उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय किए थे। इस वर्ष साख सहकारी समिति सहित 21 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी के लिए टोकन आवेदन प्रक्रिया 9 नवंबर 2025 से प्रारंभ होगी। किसानों को सुबह 8 से सुबह 9.30 बजे प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि पीएम पोर्टल, सीएम जनदर्शन तथा जिला स्तरीय साप्ताहिक जनदर्शन में मांग एवं शिकायत से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण त्वरित गति से करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि समय-सीमा के भीतर सभी आवेदनों का निरीक्षण कर संबंधित प्रकरणों का निराकरण करते हुए संबंधित आवेदकों को भी सूचना दें। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सड़कों, चौक, चौराहे पर घुमंतु एवं अवारा मवेशियों के जमावड़ा पर चिंता व्यक्त करते हुए पशु पालन विभाग, नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को तत्काल इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। 4 नवंबर को जनदर्शन में लगभग 25 आवेदको ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के समक्ष अपनी समस्याओं एवं शिकायत तथा मांग से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिस पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपिका नेताम सहित जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सौंदर्य स्पर्धा में पल्लवी ने नागपुर में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़




एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ की रहने वाली प्रतिभाशाली युवती पल्लवी देवांगन ने महाराष्ट के नागपुर में आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए मिस नागपुर 2025 का खिताब अपने नाम किया है। उन्होंने देशभर से पहुंची प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया, जिससे पूरे छग का मान बढ़ा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता नागपुर फैशन आइकन 2025 शीर्षक से आयोजित की गई थी, जिसका आयोजन देशमुख क्रिएशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का भव्य आयोजन लोहाना सेवा मंडल भवन, नागपुर (महाराष्ट) में किया गया। इस मंच पर मिस्टर, मिस, टीन्स और मिसेस चारों कैटेगरी में देशभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पूरे आयोजन का संचालन सागर देशमुख और उनकी टीम के मार्गदर्शन में किया गया। मनेन्द्रगढ़ से प्रतियोगिता में शामिल होने गई पल्लवी देवांगन ने प्रतियोगिता में अपने आत्मविश्वास, संवाद कौशल, तर्क बुद्धि और व्यक्तित्व के आकर्षण से निर्णायकों का दिल जीत लिया। कई राउंड की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद उन्होंने अंततः मिस नागपुर 2025 का ताज हासिल किया। उनकी कैटवॉक, प्रश्नोत्तरी सत्र में समझदारीपूर्ण उत्तर और पारंपरिक परिधान में प्रस्तुति ने निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

# बाल विवाह मुक्त करने चलेगा अभियान, ली गई बैठक



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान को गति दी है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी विभागों को अभियान की रणनीति के साथ विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। जिले में लगातार निगरानी और सतर्कता के बाद बाल विवाह के प्रकरण संज्ञान में कमी आई है। जिले ने लग्न मुहर्त के मद्देनजर बाल विवाह की आशंकाओं के तहत विशेष सर्तकता बरतने के भी निर्देश दिए हैं। विभाग के निर्देशों के बाद विभागीय अमला फील्ड में निगरानी कर रहा है।

बाल विवाह में कमी लाने के लिए विभाग द्वारा समाज प्रमुखों की बैठक ली गई थी, जिसमें समाज प्रमुखों को बाल विवाह न होने के लिए दिशानिर्देश दिए गए, साथ ही समाज में बाल विवाह न हो, इसके लिए सभी समाज प्रमुखों को अपने स्तर पर समाजिक बैठक लेकर बाल विवाह रोकने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया गया। जिले में सास-बहु सम्मेलन कराया गया, जिसमें सास-बहुओ को बाल विवाह की जानकारी प्रदान की गई एवं शपथ दिलाया गया कि बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रयास किया जाएगा। बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जन जागरण अभियान के तहत गांवों में मुनादी, दीवार लेखन, पंपलेट वितरण, रैली के माध्यम से समाज को जागरूक किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बाल विवाह मुक्त कोरिया अभियान के तहत विभाग द्वारा सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। बाल विवाह की सूचना पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थान प्रभारी, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, महिला हेल्प लाईन 181 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। बाल विवाह को गंभीर कानून अपराध मानते हुए दो साल की सजा या एक लाख रूपए तक जुर्माना या दोनो प्रावधान हैं। ग्राम पंचायत एवं नगरी निकाय को बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण पत्र जारी करने की भी योजना बनाई गई है, जिसमें 2 नगरीय निकाय एवं 128 ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा में बैठक कर प्रस्ताव लाया गया कि विगत दो वर्षों में ग्राम पंचायत में बाल विवाह होना नहीं पाया गया है व ग्रामीणों द्वारा प्रस्ताव पर आपत्ति नहीं आई है, जिससे इन पंचायतों को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाया जाना प्रस्तावित है। शेष पंचायतों में चरणबद्ध स्तर पर बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाए जाने का प्रस्ताव लाया जाना है। बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाए जाने के लिए ग्राम स्तर पर कोटवार, पटवारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य शासकीय अमले से सहयोग लेने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में सभी विभाग को पंजीबद्ध कर राजस्व विभाग के समन्वय से विवाह पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत सचिवों, सेक्टर पर्यवेक्षकों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनी गुरूनानक जयंती

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक सस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में गुरूनानक जयंती का पावन पर्व श्रद्धा और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष प्रातः सभा के आयोजन से हुई। जिसमें विद्यालय की प्री-प्राइमरी समन्वयक श्रीमती पूनम तिवारी, प्राथमिक समन्वयक श्रीमती रशमिंदर कौर चावला तथा वरिष्ठ कंप्यूटर शिक्षक सत्येन्द्र कुमार ने गुरूनानक देव के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर विश्व कल्याण की कामना की।

इसके पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ विद्यार्थियों ने वाद्य यंत्रों के साथ सुमधुर कीर्तन की प्रस्तुति दी। वहीं प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें विद्यार्थियों ने भावपूर्ण मूल मंत्र पाठ प्रस्तुत किया। कक्षा नवमी की छात्रा बानी कौर ने गुरु नानक देव के जीवन दर्शन सत्य बोलना, सबके साथ समानता का व्यवहार करना और निःस्वार्थ सेवा करना पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में कक्षा तीसरी के छात्र




जसनीत अरोड़ा ने गुरूनानक देव पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। इसके बाद कक्षा दसवीं के छात्र हरनीश सिंह चावला ने लंगर सेवा की परंपरा की प्रेरणादायक कहानी सुनाई और बताया कि गुरूनानक देव ने सब में एक ही परमात्मा का वास है का संदेश दिया।

उन्होंने समाज में समानता और भाईचारे का भाव स्थापित किया। वरिष्ठ छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन में गुरूनानक देव जी के आदर्शों पर आधारित प्रेरणादायक संदेश दिया गया, जिसने सभी को भाव-विभोर कर दिया। विद्यालय की प्राथमिक समन्वयक श्रीमती रशमिंदर कौर चावला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरूनानक जयंती हमें सत्य, भलाई और ईश्वर में विश्वास रखने की प्रेरणा देती है। संस्था के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी ने सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गुरूनानक देव जी का जीवन सादगी, सेवा और सत्य के मार्ग का प्रतीक है। उन्होंने समाज में समता, प्रेम और मानवता का संदेश दिया।

### गुलाब कॉलोनी को खाली कराने अधिवक्ताओं ने दिया गुलाब फूल

**अम्बिकापुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण को लेकर सोमवार को अधिवक्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन किया है। परिसर से लगी न्यायालय की जमीन को खाली कराने के लिए अधिवक्ताओं ने गुलाब कॉलोनी में जाकर वहां शासकीय आवास में रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही कलेक्टर को गुलाब का फूल भेंट किया है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम द्वारा जारी आदेश के तहत एक सप्ताह में आवास खाली करने की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। विदित हो कि जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन निर्माण हेतु शासन की ओर से 46 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई ही और दो वर्षों से भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्माण कार्य लंबित है। इस बीच कलेक्टर ने भवन निर्माण हेतु अनेकों विवादित भूमियों का आबंटन किया गया। हाल ही में न्यायालय भवन निर्माण हेतु कलेक्टर ने चठिरमा में भूमि का आबंटन कर दिया था जिसके बाद अधिवक्ताओं का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने 17 अक्टूबर को काम बंद कलम बंद का आह्वान करते हुए हड़ताल कर दिया था। इस हड़ताल के कारण पूरा न्यायालयीन काम काज ठप हो गया था।

# अंतिम दिवस राज्योत्सव में पहुंचे मंत्री श्यामबिहारी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

रजत महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन मंगलवार को उत्साह और उमंग के साथ जारी रहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कार्यक्रम स्थल पहुंचे और जिले के विकास तथा संस्कृति को दर्शातें विभिन्न विभागों और संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का विस्तृत अवलोकन किया।

कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन के साथ ही लोगों में विशेष उत्साह देखा गया और उपस्थित जनसमूह ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह, कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, एसडीएम लिंगराज सिदार, जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे सहित जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी सहित काफी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने रजत महोत्सव के महत्व को रेखांकित किया और इसे जिले की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने वाला बताया। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, महापौर रामनरेश राय, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, वीरेन्द्र सिंह राणा के साथ रजत महोत्सव में लगाए गए स्टॉलों पर ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य,



शिक्षा, वन, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन सहित कई विभागों की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वावलंबन की दिशा में काम कर रहे महिला स्व-सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों और युवाओं द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और जिले की सामाजिक व आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों तथा स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य, लोकगीत और आधुनिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर प्रस्तुत सुआ नृत्य, करमा नृत्य और अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियों ने छग की समृद्ध लोक परंपरा को जीवंत कर दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रजत महोत्सव के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ हेल्थ चेकअप ककैं प, कृषि तकनीकी प्रदर्शन, सरकारी योजनाओं से जुड़े परामर्श शिविर और स्टार्टअप उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। काफी संख्या में लोग इन स्टालों पर पहुंचे और विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी और दोपहर तक यह जनसैलाब में तब्दील हो गई। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते दिखाई दिए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के लिए किए गए इंतजाम बेहतर नजर आए, जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न होता रहा। जिले के निवासियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि रजत महोत्सव ने न सिर्फ सांस्कृतिक धरोहर को सहेजा है बल्कि जिले की उपलब्धियों और संभावनाओं को व्यापक मंच भी प्रदान किया है।

# ग्रामीण आजीविका संसाधनों के आकर्षण रहे स्टॉल



**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का मॉडेल, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा एवं अमृत सरोवर जैसी योजनाओं की झलकियां दिखाई गई हैं। साथ ही राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित विविध उत्पादों की प्रदर्शनी भी लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। कोरिया जिले में जनपद पंचायत बैकुंठपुर के 2,432 और जनपद पंचायत सोनहत के 935 हितग्राहियों ने अपने नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृहप्रवेश किया है। इस प्रकार कुल 3,367 परिवारों के जीवन में पक्के मकान की खुशियां साकार हुई हैं। बिहान से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा कोरिया अमृत ब्रांड के अंतर्गत तैयार उत्पादों का विशेष स्टॉल लगाया गया है। इनमें कोरिया मोदक, अचार, मिलेट कुकीज, वंदना मसाले, टेराकोटा शिल्प, बांस कला, सोन हनी, सुगंधित चावल, पीनट बटर, पीनट पिकल और कर्मा उत्पाद शामिल हैं। राज्योत्सव के पहले दो दिनों में ही लगभग 34,000 की बिक्री दर्ज हुई है।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**
ईकोर्ट रा.प्र.क्र............/अ-21/2024-25
// **ईश्तहार** //

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, आवेदिकागण श्रीमती रेणुका देवी पति नागेशानन्द एवं श्री नितेशानन्द आ. नागेशानन्द जाति ब्राम्हण निवासी शकुन्तला कॉलोनी बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर स्थित ख.नं. 486/8 रकबा 0.0230 हे. को अनावेदिका श्रीमती सुमन पाण्डेय पति राजेश पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी महलपारा बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. को विक्रय करने की अनुमति देने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ भूमि का बी-1, खसरा, नक्शा, इकरार नामा, व्यपवर्तन प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियो को यदि कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 17/11/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

## पृष्ठ 1 का शेष

### बेलबहरा के छात्रों ...

महत्व, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी नवाचार को रोचक शैली में प्रस्तुत किया। दर्शकों और निर्णायकों ने इस नाटिका की सराहना करते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ घोषित किया।

**विभिन्न विषयों में छात्रों का शानदार प्रदर्शन-** इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न विषयों में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। उभरती हुई प्रौद्योगिकी विषय पर ललित कुमार राजवाड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जल संरक्षण और प्रबंधन विषय पर कक्षा 11 वीं के रचित रजक ने तृतीय स्थान हासिल किया। अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प विषय पर कक्षा 10 वीं की सृष्टि रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यालय की व्याख्याता सुनीता मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर शिक्षकों की श्रेणी में विद्यालय को गौरवान्वित किया।

**शिक्षकों का मार्गदर्शन और संस्था प्रमुख का प्रोत्साहन-** विद्यालय की व्याख्याता सुनीता मिश्रा और निर्मला अग्रवाल के मार्गदर्शन में छात्रों ने यह सफलता अर्जित की। दोनों शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को मॉडल निर्माण, नाटिका प्रस्तुति और वैज्ञानिक तर्क-विचार में सहयोग दिया। संस्था प्रमुख बलराज पाल ने सभी विजेता छात्रों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। हमारे विद्यार्थी अब राज्य स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

